# 23 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

By **admin** - September 23, 2019

*Visit Daily: www.studymasterofficial.com  (YOUTUBE – STUDY MASTER)*

*Like share & subscribe*

*www.studymasterofficial.com*

*join telegram for pdfs https://t.me/studymaster*

## 23 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (CURRENT AFFAIRS ) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

---

प्रश्न 1. अमेरिका ने दक्षिण कोरिया की किस कंपनी पर पर 4.70 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है?
**क. हौंडा हैवी इंडस्ट्रीज**
ख. बीएमडब्लू हैवी इंडस्ट्रीज
ग. हुंडई हैवी इंडस्ट्रीज
घ. महिंदा हैवी इंडस्ट्रीज

**उत्तर:** ग. हुंडई हैवी इंडस्ट्रीज – अमेरिका ने हाल ही में दक्षिण कोरिया की हुंडई हैवी इंडस्ट्रीज पर पर्यावरण संबंधी नियमों का उल्लंघन करते हुए खराब डीजल इंजन आयात करने और बेचने के कारण 4.70 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है. हुंडई हैवी इंडस्ट्रीज ने वर्ष 2012 से 2015 के बीच डीजल से चलने वाले करीब 2,300 भारी निर्माण वाहनों का आयात किया है.

---

प्रश्न 2. इनमे से किस माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ने चीन के 4302 फर्जी न्यूज अकाउंट बंद कर दिए है?
क. फेसबुक
**ख. ट्विटर**
ग. गूगल
घ. माइक्रोसॉफ्ट

**उत्तर:** ख. ट्विटर – माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने हाल ही में चीन के 4302 फर्जी न्यूज अकाउंट बंद कर दिए है और साथ ही कार्रवाई के तहत सऊदी अरब के 273 अकांउट हटाए हैं. चीन के 4,302 अकाउंट से हांगकांग में प्रदर्शनकारियों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश की जा रही थी. ट्विटर ने स्पेन और इक्वाडोर से चल रहे 1,019 फर्जी ट्विटर अकाउंट भी बंद किये है.

---

प्रश्न 3. निम्न में से किसने हाल ही में भारत में पहली एकीकृत ईआरएसएस, ई-बीट बुक, और ई-साथी एप्प का लोकार्पण किया है?
क. रामविलास पासवान
**ख. अमित शाह**
ग. पीयूष गोयल
घ. जगमोहन सिंह

**उत्तर:** ख. अमित शाह – भारत के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में भारत में पहली एकीकृत ईआरएसएस, ई-बीट बुक, और ई-साथी एप्प का लोकार्पण किया है. साथ ही चण्डीगढ में आम लोगो को आपातकाल के समय सहायता के लिये अलग–अलग नम्बर याद न रखना पड़े इसलिए डायल 112 सुविधा उपलब्ध करायी है.

---

प्रश्न 4. भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध निर्देशक श्याम रामसे का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?
क. 55 वर्ष
ख. 59 वर्ष
**ग. 67 वर्ष**
घ. 76 वर्ष

**उत्तर:** ग. 67 वर्ष – भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध निर्देशक में से एक और हॉरर फिल्मों के निर्देशन के लिए प्रसिद्ध एक श्याम रामसे का हाल ही में 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. उन्होंने अपने फिल्मी करियर में 1984 में पुराना मंदिर, 1975 में अंधेरा, 1980 में सबूत, 1989 में पुरानी हवेली जैसे बहुत से हॉरर फिल्मों का निर्देशन किया था.

---

प्रश्न 5. भारत के किस राज्य में वनों के आस-पास के क्षेत्रों में जंगली जानवरों के प्रवेश को रोकने के लिए बायो-फेंसिंग के उपयोग करने का निर्णय लिया गया है?
क. उत्तर प्रदेश
ख. मध्य प्रदेश
ग. केरल
**घ. उत्तराखंड**

**उत्तर:** घ. उत्तराखंड – उत्तराखंड राज्य में हाल ही में वनों के आस-पास के क्षेत्रों में जंगली जानवरों के प्रवेश को रोकने के लिए बायो-फेंसिंग के उपयोग करने का निर्णय लिया गया है इस बायो-फेंसिंग पौधों या झाड़ियों की पतली या संकरी पट्टीदार लाइन होती है जो की जंगली जानवरों के साथ-साथ हवा के तेज़ झोंकों और धूल आदि से भी रक्षा करती है.

---

प्रश्न 6. भारतीय खिलाडी अमित पंघाल वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कौन सा मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बॉक्सर बन गए है?
क. गोल्ड मेडल
**ख. सिल्वर मेडल**
ग. ब्रोंज मेडल
घ. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर:** ख. सिल्वर मेडल – भारतीय खिलाडी अमित पंघाल वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बॉक्सर बन गए है. उन्हें फाइनल मुकाबले में उज्बेकिस्तान के बॉक्सर शाखोबिदिन जोरेव ने 52 किग्रा वर्ग 5-0 से दिया. उन्होंने सेमीफाइनल में कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव को हराकर फाइनल में जगह बनायीं थी.

---

प्रश्न 7. निम्न में से कौन सा खिलाडी क्लास क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाला ऐशियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बन गया है?
क. महेंद्र सिंह धोनी
ख. एडम गिलक्रिस्ट
ग. कुंटन डीकोक
**घ. कामरान अकमल**

**उत्तर:** घ. कामरान अकमल – पाकिस्तान क्रिकेट टीम के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल हाल ही में महेंद्र सिंह धोनी और एडम गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़कर क्लास क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाले ऐशियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बन गया है. उन्होंने कायदे ए आजम ट्रॉफी में सेंट्रल पंजाब के फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपना 31वां शतक लगाया.

---

प्रश्न 8. ऑस्ट्रेलिया के किस पूर्व बल्लेबाज को श्रीलंका के पाकिस्तान दौरे पर खेली जानी वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए मैच रैफरी नियुक्त किया गया है?
क. एंड्रू श्य्मंड
ख. माइकल क्लार्क
ग. जेम्स कैल्विन
**घ. डेविड बून**

**उत्तर:** घ. डेविड बून – अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेविड बून को श्रीलंका के पाकिस्तान दौरे पर खेली जानी वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए मैच रैफरी नियुक्त किया गया है. डेविड बून तीन मैचों की वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए मैच रैफरी नियुक्त किये गए है.

---

प्रश्न 9. भारतीय रेसलर दीपक पूनिया ने वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में कितने किलोग्राम वर्ग फ्री स्टाइल कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता है?
क. 55 किलोग्राम वर्ग
ख. 65 किलोग्राम वर्ग
ग. 75 किलोग्राम वर्ग
**घ. 86 किलोग्राम वर्ग**

**उत्तर:** घ. 86 किलोग्राम वर्ग – भारतीय रेसलर दीपक पूनिया ने वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में 86 किलोग्राम वर्ग वर्ग फ्री स्टाइल कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता है वे चोट की वजह से फाइनल मुकाबला नहीं खेल पाए. दीपक पूनिया ने सेमीफाइनल स्वीडन के स्टीफन रेचमुथ को 8-2 से हराया था.

---

प्रश्न 10. एनजीओ साहिल के द्वारा संकलित रिपोर्ट के मुताबिक, किस देश में 6 महीने में 1,300 बाल यौन उत्पीड़न के मामले हुए है?
क. भारत
ख. ऑस्ट्रेलिया
**ग. पकिस्तान**
घ. श्रीलंका

**उत्तर:** ग. पकिस्तान – गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) एनजीओ साहिल के द्वारा संकलित रिपोर्ट के मुताबिक, पकिस्तान में 6 महीने में 1,300 बाल यौन उत्पीड़न के मामले हुए है. इन महीनों के दौरान 729 लड़कियों और 575 लड़कों ने किसी न किसी प्रकार के यौन उत्पीड़न का सामना पड़ा है.

---

22 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

---

DOWNLOAD PDF

**admin**